The role of Allied service was also impactable during the Corona period, the President of AIIMS Mudair said this

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/rajasthan/jaipur/the-role-of-allied-service-was-also-impactable-in-the-corona-period/articleshow/84946707.cms

कोरोना पीरियड में एलाइड सर्विस का रोल भी रहा इंम्पैक्टेबल, AIIMS मुदैर के अध्यक्ष ने कही ये बात

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), मदुरै के प्रेसीडेंट और आईसीएमआर चेयर ऑन पब्लिक हेल्थ रिसर्च डॉ. विश्व मोहन कटोच ने दीक्षांत समारोह के दौरान अपनी बात रखी।

कोरोना पीरियड में एलाइड सर्विस का रोल भी रहा इंम्पैक्टेबल, AIIMS मुदैर के अध्यक्ष ने कही ये बात

जयपुर

देश- दुनिया में कोरोना के दौरान डॉक्टर्स की भूमिका को लेकर बात हुई, लेकिन इस दौरान हैल्थ सेक्टर के एलाइड सर्विसेज का भी बड़ा इंम्पैक्टेबल रोल रहा है। यह कहना है अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), मदुरै के प्रेसीडेंट और आईसीएमआर चेयर ऑन पब्लिक हेल्थ रिसर्च डॉ. विश्व मोहन कटोच का। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के 7 वें दीक्षांत समारोह में अपनी बात रखते हुए डॉ. कटोच ने कहा कि कोरोना ईरा ने हैल्थकेयर सेक्टर को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। आने वाले सालों में भी इसका असर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक बात को समझना होगा कि हमें आने वाले समय में अपने हैल्थकेयर सेक्टर को पहले से ज्यादा मजबूत बनाना होगा। ये सोच विकसित करनी होगी कि कैसे बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधाएं भारत में विकसित की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ पी आर सोडानी ने 269 छात्रों को एमबीए और पीएच. डी. की डिग्री मिलने पर खुशी जताते हुए उन्हें अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं दी।